बिहार सरकार
समाहरणालय, कैमूर (भभुआ)
(जिला हब शाखा)

Mobile No- 9431005023
Email- Email- dpo.icds.kaimur-BIH@GOV.IN

पत्रांक......41(A)....../जि0हब, दिनांक 24.04.2025

# जिला हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन (DHEW) योजना अंतर्गत रिक्त पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

## विज्ञापन संख्या–01/2025–26

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/2092/23, दिनांक–27.09.2023 एवं पत्रांक–WCDC/4609/24, दिनांक–23.12.2024 के आलोक में हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन (DHEW), कैमूर (भभुआ) के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पद पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | योग्यता/आहर्ता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला मिशन समन्वयक (DMC) | 1 (अनारक्षित) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | **शैक्षणिक योग्यताः**– सामाजिक विज्ञान/लाइफ साइंसेज/पोषण/चिकित्सा/स्वास्थय प्रबंधन/सामाजिक कार्य ग्रामीण प्रबंधन में स्नातकोत्तर। **अनुभवः**– महिला विषय मुद्दों एवं प्रशासनिक कार्यो में सरकारी/गैर सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव। | 40000/– |

2. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
3. उम्र सीमाः–संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत होगीः–
   अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष
   पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष
   अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष
   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष
4. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए, संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
5. कर्मी का नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF देय होगी।
6. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW) के अधीन होगा।
7. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
8. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है, तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
9. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. सरकारी/अर्ध–सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
11. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित EmailID अथवा जिला के *https://kaimur.nic.in*वेबसाइट पर दी जाएगी। ज़िला

पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

12. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
13. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) के अधीन है। जिला पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
14. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन दिनांक–10.05.2025 से 25.05.2025 तक ऑनलाईन (ई–मेल) के माध्यम से दिये गये प्रारूप में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित के साथ ई–मेल–**dhewkaimur1-bih@gov.in** पर समर्पित करेंगे। प्रमाणपत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
15. भरे हुए आवेदन का फोटो कॉपी कर अपने पास सुरक्षित रखेंगे। कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे।
16. अभ्यर्थी, विज्ञापन से सम्बंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु ***https://kaimur.nic.in*** वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।

जिला पदाधिकारी,
कैमूर (भभुआ)।